# जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद–हरदोई के विभिन्न विकास खण्ड के ग्राम पंचायतों/राजस्व ग्रामों की पाईप पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 एवं अन्य तत्सम्बन्धी कार्यो की संस्तुति/स्वीकृति पर निर्णय लिये जाने हेतु जिलाधिकारी महोदय, हरदोई की अध्यक्षता में शासन द्वारा गठित समिति जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक दिनांक 03.03.2023 का कार्यवृत्त।

दिनांक 03.03.2023 मंगला प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, हरदोई की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहें–

1. जिलाधिकारी, हरदोई। – अध्यक्ष।
2. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई। – सदस्य।
3. जिला विकास अधिकारी, हरदोई। – सदस्य।
4. जिला समाजिक एवं वानिकी प्रभारी, हरदोई। – सदस्य।
5. मुख्य चिकित्साधिकारी, हरदोई। – सदस्य।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हरदोई। – सदस्य।
7. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग, हरदोई। – सदस्य।
8. जिला कृषि अधिकारी, हरदोई। – सदस्य।
9. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, हरदोई। – सदस्य।
10. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हरदोई। – सदस्य सचिव।
11. एन0सी0सी0लि0, हैदराबाद। –फर्म/निर्माण एजेन्सी

भारत सरकार एवं राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ''हर घर को नल से जल'' उपलब्ध कराने हेतु जनपद के विभिन्न विकास खण्ड़ो के ग्रामों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद को निर्माण एजेन्सी नामित किया गयड़

राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की अग्रिम बैठक में अधिक से अधिक योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करते हुए तत्काल कार्य प्रारम्भ किया जाना है। नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 लखनऊ, उ0प्र0 शासन के आदेश संख्या 95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0– दिनांकः 21.01.2020 (संलग्नक–क) द्वारा गठित समिति जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के समक्ष निर्माण एजेन्सी द्वारा पेयजल सम्बन्धी प्रस्तुत डी0पी0आर0 को जल निगम द्वारा तकनीकी रूप से सक्षम स्तर पर जांचोपरान्त समिति के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र. सं. | विकास खण्ड | निर्माण एजेन्सी / फर्म | योजना का नाम | कार्य की लागत (रू0 लाख में) | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | प्रति व्यक्ति लागत (रू0 में) | लाभान्वित राजस्व ग्राम की सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BAWAN | NCC | ANANG BEHTA | 705.84 | 781.61 | 6074.38 | 1 |
| 2 | BAWAN | NCC | MAHOLIYA SHIVPAR | 2019.52 | 2233.45 | 3592.18 | 1 |
| 3 | TADIYAWAN | NCC | NANAK GANJ GRAN | 965.02 | 1067.25 | 5418.44 | 1 |
| 4 | TADIYAWAN | NCC | RAM NAGAR | 458.09 | 506.61 | 6961.87 | 2 |
| | **TOTAL** | | | **4148.48** | **4587.94** | | **5** |

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय जल जीवन मिशन (फेज–III) के अन्तर्गत जनपद हरदोई में एन0सी0सी0 लि0, द्वारा विरचित 02 नग योजनाओं के प्राक्कलनों पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा संस्तुति प्रदान करते हुये स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित किये गये, जिस पर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा परीक्षणोंपरान्त प्राक्कलनों को Per Capita Cost/ Per FHTC Cost अधिक होने के कारण स्वीकृति प्रदान न करते हुये परीक्षण हेतु पुनः वापस कर दिया गया। सन्दर्भित प्राक्कलनों का अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) से पुनः परीक्षण कराया गया, जिसमें यह पाया गया कि प्राक्कलनों में जितनी Cost की कटिंग की जा सकती थी, कर ली गयी है किन्तु अब किसी भी प्रकार की मूल्य में कमी की सम्भावना नहीं है तथा Per Capita Cost/ Per FHTC Cost के अधिक होने का कारण वर्ष 2011 में सन्दर्भित ग्राम पंचायतों की आबादी का कम होना तथा मजरों का दूर–दूर होना है। विवरण निम्नवत है :–

| क्र. सं. | विकास खण्ड | निर्माण एजेन्सी / फर्म | योजना का नाम | कार्य की लागत (रू0 लाख में) | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | प्रति व्यक्ति लागत (रू0 में) | लाभान्वित राजस्व ग्राम की सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KACHHAUNA | NCC | NARAYAN DEO | 254.28 | 281.22 | 10934 | 1 |
| 2 | BHARKHANI | NCC | KAHARKOLA | 242.93 | 268.66 | 9857 | 1 |
| | | | | **4645.70** | **5137.83** | | |

समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि उपरोक्त 02 नग डी0पी0आर0 स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित कर दिया जाये।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि उपरोक्त डी0पी0आर0 में सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के समस्त राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया गया है तथा उपरोक्त ग्राम पचायतें पूर्व मे संचालित योजनाओ से आच्छादित नही हैं। प्राक्कलन विरचन का कार्य भारत सरकार द्वारा जारी गाईड लाइन्स के अनुरूप किया गया है। तत्क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि यथाशीघ्र अवशेष प्राक्कलन विरचन का कार्य पूर्ण करा लिया जाय तथा निर्माण कार्यो में तेजी करते हुए शत् प्रतिशत कार्य पूर्ण कराये जाये।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम/सदस्य सचिव जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा प्रेषित एजेन्डा नोट में उपरोक्त तालिका के अनुसार कुल 04 नग प्रस्तुत डी0पी0आर0 व सुसंगत अभिलेखों पर समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त, 5.00 करोड से कम लागत की शून्य योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करने तथा 5.00 करोड से अधिक लागत की 04 योजनाओं को संस्तुति सहित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण)/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
हरदोई।

परियोजना प्रबन्धक,
एन0सी0सी0 लि0,
हरदोई।

जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी,
हरदोई /सदस्य।

जिला कृषि अधिकारी
हरदोई/सदस्य।

अधिशासी अभियन्ता,
सिंचाई विभाग,
हरदोई/सदस्य।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
हरदोई/सदस्य।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
हरदोई/सदस्य।

जिला समाजिक एवं वानिकी प्रभाग,
हरदोई /सदस्य

जिला विकास अधिकारी,
हरदोई /सदस्य

मुख्य विकास अधिकारी,
हरदोई/सदस्य।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
हरदोई।